रविवार

01 अक्टूबर 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




अब बॉब कट, लिपिस्टिक वाली संसद पहुंच जाएगी: सिद्दीकी

2



## एससी-एसटी छात्रों को योगी सरकार का तोहफा, इसी वर्ष से मिलेगी बढ़ी स्कॉलरशिप

- कक्षा 9 व 10 के छात्रों को 3000 के स्थान पर 3500 रु. का होगा भुगतान
- स्वच्छता कार्यों से जुड़े परिवार के बच्चों को भी पढ़ाई के लिए मिलेगी सहायता
- सभी आय वर्ग के परिवारों के बच्चों को मिलेगा लाभ

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



लखनऊ, 29 सितंबर। योगी सरकार ने प्रदेश के एससी और एसटी से जुड़े लाखों छात्रों को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष से सरकार पूर्व दशम छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अब 3,500 रुपए प्रति वर्ष देगी। अभी तक इस वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 3,000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। खास बात ये है कि अब ऐसे परिवार जो स्वच्छता कार्य से जुड़े हैं, इनके कक्षा 9 व 10 में पढ़ रहे बच्चों को भी सरकार की तरफ से पहली बार छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी आय वर्ग के परिवार ले सकेंगे।

### 31 मार्च तक होंगे किए जा सकेंगे आवेदन

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में अब 31 मार्च तक कक्षा 11, 12 व अन्य ऊपरी कक्षाओं हेतु आवेदन किए जा सकेंगे, जिससे परीक्षा परिणाम देर से आने अथवा सत्र देर से प्रारंभ होने पर भी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा सकेगा। बीएससी या बीए जैसे नॉन प्रोफेशनल कोर्स में छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद बीटेक जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी अब छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी।

**अस्वच्छ पेशे से जुड़े परिवारों के छात्रों को भी मिलेगा लाभ:** अस्वच्छ पेशे में लगे व्यक्तियों के कक्षा 9 व 10 में पूर्ण अवधि आधार पर अध्ययन कर रहे आश्रित छात्र भी छात्रवृत्ति का लाभ ले सकेंगे। अस्वच्छ पेशे से तात्पर्य उनसे है जो हाथ से मैला ढोते हैं, चर्मकार, कूड़ा उठाने वाले और जान जोखिम में डालकर सफाई प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं। ऐसे परिवारों के छात्रों द्वारा अपने माता-पिता, अभिभावक का अस्वच्छ पेशे में कार्य करने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी लागू

विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति चरणबद्ध रूप से लागू की जा रही है। जिन संस्थानों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू नहीं की जाएगी उन्हे वित्तीय वर्ष 2025-26 से छात्रवृत्ति का लाभ नहीं दिया जाएगा। कक्षा 9 व 10 में 12 वर्ष से 20 आयु के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा एवं कक्षा 11, 12 वे अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 40 वर्ष की आयु तक छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा।

**सुगमता से मिलेगी छात्रवृत्ति:** सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि बच्चों के व्यक्तिगत विवरण आधार से स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। विद्यार्थियों को अब आवेदन पत्र में निजी विवरण नहीं भरना होगा। आधार से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि स्वतः प्राप्त हो जाएगी। साथ ही सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड से बच्चों के प्राप्तांक ऑनलाइन प्राप्त हो जाएंगे जिससे आवेदन के समय होने वाली त्रुटियों की संभावना खत्म हो जाएगी और अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी प्रकार डिजिलॉकर और एनपीसीआई से पोर्टल को जोड़कर खाता संख्या इत्यादि भरने में होने वाली गलतियों को भी खत्म कर दिया गया है।

## अब 7 अक्टूबर तक बदले जा सकेंगे 2000 रुपए के नोट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

जिनके पास अभी भी 2000 रुपये के नोट पड़े हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपये के नोट का बदलने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2023 से आगे बढ़ा दी है। लोग अब 7 अक्टूबर 2023 तक अपने 2000 रुपये के नोट को एक्सचेंज या बदल सकेंगे। रिजर्व बैंक ने शनिवार को इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया। इससे काफी लोगों को राहत होगी। रिजर्व बैंक ने 8 अक्टूबर 2023 से बैंकों को इस बारे में जरूरी निर्देश भी दिए हैं।

खबर के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी नोटिफिकेशन में बताया है कि 19 मई 2023 तक 3.56 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 2000 रुपये के नोट सकुर्लेशन में थे। इनमें 3.42 लाख करोड़ रुपए बैंकों के पास लौट के आ गए हैं। 29 सितंबर 2023 को क्लोजिंग के समय तक 0.14 लाख करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार रुपये के नोट सकुर्लेशन में मौजूद रहे। रिजर्व बैंक ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 2000 रुपये के नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे।

### पीएम ने आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह का किया आगाज

## 2047 में भारत को विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं: मोदी

- पीएम मोदी बोले- हम 140 करोड़ लोगों के भाग्य को लेकर चलना चाहते हैं, उनके जीवन में बदलाव करना चाहते हैं
- अफसरों को गांव में जाने और लोगों की समस्याएं जानने का किया आग्रह
- कहा- 100 ब्लॉक को चयनित करें और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लेकर जाएं

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान पीएम ने कहा, आज देश आजादी के 75 साल पूरे कर चुका है। हम 2047 में देश को विकसित भारत (डेवलम कंट्री) के रूप में देखना चाहते हैं। डेवलम कंट्री का मतलब यह नहीं है कि दिल्ली, मुंबई, चेन्नई के अंदर ही भव्यता दिखे और हमारे गांव पीछे रह जाएं। हम उस मॉडल को लेकर नहीं चलते हैं। हम तो 140 करोड़ लोगों के भाग्य को लेकर चलना चाहते हैं। उनके जीवन में बदलाव करना चाहते हैं।

पीएम ने कहा, हमने पैरामीटर तय किए हैं। मैं चाहता हूं कि उसके लिए कॉम्पिटशन का भाव होना चाहिए। जब तक वैरिफाई आंकड़े ना हों... ऐसे आंकड़े भरने से कुछ नहीं होता है। उन्होंने अफसरों को गांव में जाने और लोगों की समस्याएं जानने का आग्रह किया। पीएम ने कहा, आपको अपने ब्लॉक को विकास कार्यों में आगे बढ़ाना है। जनभागीदारी के जरिए समस्याओं को खत्म करना है। इसके लिए 100 ब्लॉक को चयनित कीजिए और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लेकर आइए। अगले साल अक्टूबर में आपसे सफलता की कहानी सुनना चाहूंगा। पीएम मोदी का कहना था कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए हमने बहुत ही सरल रणनीति के साथ काम किया है। अगर हम सर्वांगीण विकास और सर्वहितकारी विकास नहीं करेंगे तो आंकड़े भले ही संतुष्टि दे दें, लेकिन बुनियादी बदलाव संभव नहीं है। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम जमीनी स्तर पर बदलाव करके आगे बढ़ें। पीएम मोदी ने आगे कहा, यह कार्यक्रम ('संकल्प सप्ताह') टीम इंडिया की सफलता का प्रतीक है। यह हर किसी के प्रयास की भावना का प्रतीक है। यह कार्यक्रम भारत के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसमें संकल्प के माध्यम से सिद्धि का प्रतिबिंब है। मुझे विश्वास है कि जिस तरह एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को सफलता मिली है, उसी तरह एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम भी 100 फीसदी सफल होगा।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने 25 करोड़ लोगों का जीवन बदला

पीएम मोदी ने कहा कि मेरे लिए यह कार्यक्रम जी20 शिखर सम्मेलन जितना ही महत्वपूर्ण है, जिसमें दुनिया के नेता वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। अब हम उन लोगों की मेजबानी कर रहे हैं जो जमीनी स्तर पर बदलाव लाते हैं। आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों के 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का जीवन बदल दिया है। जीवन की गुणवत्ता में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अभी जो लोग यहां (भारत मंडपम) आए हैं, वो देश के दूर-सुदूर गांवों की चिंता करने वाले लोग हैं। आखिरी छोर पर बैठे हुए परिवार की चिंता करने वाले लोग हैं। उनकी भलाई के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाने वाले लोग हैं और इसी महीने यहां वो लोग भी बैठे थे, जो दुनिया को दिशा देने का काम करते थे।

### हमें अपनी पुरानी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है

पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपनी पुरानी रणनीति बदलनी चाहिए। संसाधनों का ठीक से उपयोग करना चाहिए। गांवों में फिजिकल तौर पर जाने का जो लाभ है, उसका कोई विकल्प नहीं है। वीडियो कॉन्फरेंसिंग से बचना चाहिए। स्थान पर जाने से उसकी ताकत का पता चलता है। समस्याएं समझने को मिलती हैं। कहा कि हम भ्रम में रहते हैं कि सरकार सब कर लेगी, इस सोच से बाहर आना चाहिए। समाज की शक्ति बहुत बड़ी होती है। जिन ब्लॉक में समाज को जोड़ने की शक्ति है, वहां परिणाम जल्दी मिलते हैं। स्वच्छता अभियान को लेकर समाज में वातावरण बना है, इसलिए साफ-सफाई देखने को मिल रही है। जीवन के हर क्षेत्र में लीडरशिप की जरूरत होती है। अफसर भी लीडर होते हैं। वे भी मोटिवेट करते हैं। ब्लॉक स्तर पर लीडरशिप बनाएं। इस सप्ताह आपस में बैठकर बात होगी। टीम स्प्रिट से काम करने की भावना होगी।

## पी चिदंबरम बोले... ऐसे कानून का क्या फायदा, जो वर्षों तक लागू ही नहीं होगा



**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। अब यह कानून बन गया है। इस पर एक बार फिर कांग्रेस हमलावर है। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता पी चिदंबरम ने इसे एक इलुजन (भ्रम) करार दिया है। उन्होंने कहा है कि ऐसे कानून का क्या फायदा जो वर्षों तक लागू नहीं किया जाएगा?

ट्वीटर पर एक पोस्ट कर चिदंबरम ने लिखा है, विधेयक भले ही कानून बन गया है, लेकिन यह कई वर्षों तक असल में लागू नहीं हो पाएगा। यह सिर्फ सरकार द्वारा लाया गया, एक भ्रम है। उन्होंने कहा, सरकार ने दावा किया है कि महिला आरक्षण विधेयक कानून बन गया है। ऐसे कानून का क्या फायदा, जो वर्षों तक लागू ही नहीं किया जाएगा। निश्चित रूप से यह कानून 2029 लोकसभा चुनाव से पहले लागू नहीं हो पाएगा। यह चिढ़ाने जैसा है। जैसे पानी से भरे कटोरे में चांद की परछाई दिखाई जाती है। केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया यह कानून सिर्फ एक चुनावी जुमला है। लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह विधेयक 27 सालों के लंबे प्रयास के बाद 20 सितंबर को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित किया गया था।

## 31 साल पुराने रेप केस में मद्रास हाइकोर्ट ने 215 सरकारी कर्मचारियों को दोषी करार दिया

- 1992 में तमिलनाडु के वाचथी गांव में 18 महिलाओं के साथ हुई थी रेप की घटना
- 269 आरोपियों में से 54 की मुकदमे की सुनवाई के दौरान हो चुकी है मौत


**एजेंसी/चेन्नई**



तमिलनाडु के वाचथी गांव में 18 महिलाओं के साथ हुए रेप के मामले में मद्रास हाईकोर्ट ने 215 सरकारी कर्मचारियों को दोषी ठहराते हुए सजा के आदेश को बरकरार रखा। यह मामला वन विभाग के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों द्वारा एक छापेमारी के दौरान महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासियों पर अत्याचार से जुड़ा हुआ था। 1992 में तमिलनाडु के वाचथी गांव में चंदन की लकड़ी की तस्करी के खिलाफ पुलिस और वन विभाग द्वारा की गई छापेमारी के दौरान 18 महिलाओं के साथ रेप की यह घटना हुई थी। इसके बाद पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया था। इससे पहले इन आरोपियों को धर्मपुरी की निचली अदालत ने दोषी ठहराते हुए दोषियों को 10 साल तक की सजा सुनाई थी। लेकिन सभी 215 लोगों ने दोषी ठहराए जाने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में अपील की थी। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट ने इनकी अपील खारीज कर दी और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा।

### 10-10 लाख रुपये देने का निर्देश

पीड़ितों की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि जस्टिस पी.वेलमुरुगन ने भी शुक्रवार को 18 महिलाओं को तत्काल 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया जो धर्मपुरी में हुई इस कुख्यात घटना के दौरान यौन उत्पीड़न का शिकार हुई थीं, जिससे समूचे राज्य में आक्रोश फैल गया था। अदालत ने इसके साथ ही बलात्कार के आरोपियों से पांच-पांच लाख रुपये वसूलने का भी निर्देश दिया। बाद में सीबीआई को घटना की जांच का जिम्मा सौंपा गया था। धर्मपुरी अदालत ने 1992 में हुई घटना के संबंध में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के चार अधिकारियों समेत 126 वनकर्मियों, 84 पुलिसकर्मियों और राजस्व विभाग के पांच लोगों को दोषी करार दिया था। 269 आरोपियों में से 54 की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी।



### आपदा प्रभावित परिवारों के लिए खर्च किए जाएंगे 4500 करोड़ रुपए

## हिमाचल सरकार ने आपदा पैकेज का किया ऐलान

- पूरी तरह क्षतिग्रस्त घरों के लिए सात लाख, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों को एक लाख रुपए दिए जाएंगे
- सीएम का आरोप- केंद्र सरकार ने नहीं की हिमाचल की सहायता

**एजेंसी/शिमला**



हिमाचल सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 4500 करोड़ के पैकेज का ऐलान किया है। इसके तहत पूरी तरह क्षतिग्रस्त घरों के लिए 7 लाख, आंशिक क्षतिग्रस्त घरों को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार की ओर इस पैकेज का ऐलान किया। सीएम ने इस दौरान केंद्र सरकार पर हिमाचल की सहायता नहीं करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि बीजेपी ने हिमाचल के लोगों के साथ धोखा किया है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा 7 जुलाई को राज्य में आपदा शुरू हुई। सरकार और अधिकारियों ने प्रयास किए और इस चुनौती को युद्ध की तरह लड़ा। आपदा से निपटने के लिए छोटे बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों ने अपना योगदान दिया। सरकार ने विधानसभा में स्पेशल पैकेज का प्रस्ताव लाया था और तीन दिन तक इस पर बहस की, लेकिन बीजेपी ने इसका समर्थन न कर जनता से धोखा किया। जब प्रदेश की जनता आपदा प्रभावित लोगों के साथ खड़ी हुई, तो बीजेपी को ऐसा क्या हुआ कि वो मूकदर्शक बनी रही।

सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा राज्य सरकार आपदा में पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 7 लाख और आंशिक क्षतिग्रस्त मकान के लिए 1 लाख रुपये प्रभावितों को देगी। यही नहीं जिन लोगों के घर गिर गए हैं और वहां की जगह खराब हो गई है, उनको अलग से 2 से 3 बीघा जमीन दी जाएगी। सरकार ने अपने राज्य के बजट से अब तक राहत और पुनर्वास कार्य के लिए 1850 करोड़ जारी किए है। सरकार रविवार को 1021 करोड़ पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग के लिए जारी करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा घर निर्माण के दौरान बिजली व पानी सरकार मुफ्त देगी। इसके अलावा नए घर बनाने के लिए सरकारी रेट पर यानी 280 रुपए प्रति बैग के हिसाब से सीमेंट भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसे मिलाकर एक घर बनाने पर सरकारी मदद लगभग 10 लाख रुपए की हो जाएगी। पहले पक्के घरों के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने पर मात्र 6500 रुपए मिलते थे। अब इसे बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया है। कच्चा घर टूटने पर पहले मात्र 4000 रुपए मिलते थे, उन्होंने इसे बढ़ाकर एक लाख रुपए किया है। जिनके ढाबे ढह गए है, उनको केंद्र सरकार से 25 हजार मिलता है। अब हिमाचल सरकार उन्हें 1 लाख रुपए देगी।

### जिनके घर तबाह हो गए, उन पर 3500 करोड़ रुपए होंगे खर्च

सीएम ने कहा कि 3500 करोड़ रुपए से उन लोगों को बसाया जाएगा, जिनके घर इस आपदा में पूरी तरह तबाह हुए हैं, जबकि 1000 करोड़ रुपए एमएलए फंड और मनरेगा के तहत डंगे लगाने पर खर्च किए जाएंगे। सीएम ने कहा आपदा में जिन लोगों के घर टूटे हैं। उनके उत्थान में यह पैकेज मदद करेगा। केंद्र व राज्य के रिलीफ मैन्युअल के हिसाब से पहले घर तबाह होने पर 1.30 लाख रुपए मिलते थे, लेंकिन अब उनको 7 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया है। पक्के मकानों के साथ कच्चे मकानों के लिए भी यह राशि मिलेगी, यही नहीं इनके लिए आय का कोई मापदंड भी रहेगा।

## खबरें फटाफट

### चार आईएएस अधिकारियों का तबादला

**पटना।** बिहार में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का सिलसिला जारी है। शनिवार को फिर से चार आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस मामले में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी को योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सूचना प्रावैधिकी विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल को नगर विकास एवं आवास विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। साथ ही इन्हें पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह को सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव व बेल्ट्रॉन के एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कम्फेड के एमडी के अतिरिक्त प्रभार से अभय कुमार सिंह को मुक्त कर दिया गया है। वहीं बिहार राज्य योजना पर्षद के परामर्शी प्रभाकर को कम्फेड का एमडी बनाया गया है।

### फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़खानी

**पटना।** इंडिगो की फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने एक यात्री को गिरफ्तार किया है। एयर होस्टेस का कहना है कि उस शख्स ने उसके साथ छेड़खानी की है जबकि आरोपी का कहना है कि एयर होस्टेस सुंदर होती हैं इसलिए उन्हें देखने गया था। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हवाई अड्डा पुलिस का कहना है कि इंडिगो की फ्लाइट संख्या - 6ए 126 अहमदाबाद से पटना आ रही थी। इसी दौरान युवक पर एयर होस्टेस ने छेड़खानी का आरोप लगाया है।

## मुजफ्फरपुर के कार्यक्रम में अब्दुल बारी सिद्दीकी के दिए बयान पर मचा घमासान

# राजद नेता के विवादित बोल... अब बॉब कट, लिपिस्टिक वाली संसद पहुंच जाएंगी

- महिला आरक्षण बिल को लेकर दिए बयान पर बीजेपी व अन्य दल के नेताओं ने जताया विरोध
- कार्यक्रम में सिद्दीकी बोले- यदि आरक्षण देना है, तो पिछड़ा व अत्यंत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को दें

**केटी न्यूज/पटना**

महिला आरक्षण बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। बिहार के मुजफ्फरपुर जिला में शुक्रवार को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने अपने संबोधन में महिला आरक्षण बिल को लेकर अजीबोगरीब बयान दिया। उन्होंने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर लिपस्टिक, पाउडर और बॉब कट वाली संसद पहुंच जाएंगी।

मुजफ्फरपुर के बीबीगंज स्थित एक निजी सभागार में आरजेडी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की तरफ से आयोजित अति पिछड़ा सामाजिक जागरूकता सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने अपने भाषण में कहा, महिला आरक्षण के नाम पर लिपस्टिक और बॉब कट वाली आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि यदि आरक्षण देना है, तो पिछड़ा और अत्यंत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दें। अत्यंत पिछड़ा का भी कोटा तय कर दीजिए, तब तो ठीक है, वर्ना महिला के नाम पर बॉब कट और लिपिस्टिक वाली संसद पहुंच जाएंगी। नौकरी में तब आपकी महिलाओं को कुछ मिलेगा।

**आरजेडी नेता टीवी और सोशल मीडिया से दूर रहें:** मंच से अपने संबोधन के दौरान आरजेडी नेता ने टीवी और सोशल मीडिया से दूर रहने की भी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि टीवी और सोशल मीडिया से दूरी बनाइए और कसम खाइए, कम से कम लोकसभा चुनाव तक इसे नहीं देखें। उन्होंने कहा कि उनके जो मालिक हैं वो मोदी के इशारे पर चलते हैं। जितने भी समाजवादी हैं वो कसम खाएं कि कम से कम लोकसभा चुनाव तक टीवी का बहिष्कार करेंगे। इससे आपका खाना नहीं बंद हो जाएगा। इस सम्मेलन में आपको यह संकल्प लेना होगा, वर्ना इस संकल्प का कोई मतलब नहीं है। संकल्प लीजिए की हम अपने पुरखों के अपमान को याद रखेंगे। हम लोहिया के बताए हुए रास्ते पर चलेंगे। कपूरी ठाकुर का जिन्होंने अपमान किया था उनके भी दोहरे चरित्र को समझना है।



### बवाल बढ़ने पर अब्दुल बारी सिद्दीकी ने जताया खेद

महिला आरक्षण बिल पर दिए गए लिपस्टिक वाले बयान राजद नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने खेद जताया है। उन्होंने अपने बयान को वापस ले लिया और कहा कि मेरा मकसद किसी को दुख पहुंचाना नहीं था। वीडियो जारी कर उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हम मुजफ्फरपुर में अति पिछड़ा सम्मेलन कार्यक्रम में थे, इस दौरान महिला आरक्षण बिल पर चर्चा हो रही थी और काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पहुंची हुई थी उन लोग को समझने के लहजे में और मजाकिया तौर पर में लिपस्टिक वाला बयान दिया था। मेरा किसी को आहत पहुंचाने का मकसद नहीं था, अगर किसी को मेरी बात से आहत पहुंचता है तो उसके लिए हम खेद प्रकट करते हैं।

### विजय सिन्हा बोले... यह विकृत मानसिकता वाले लोग हैं



अब्दुल बारी सिद्दीकी के दिए विवादित बयान को लेकर बिहार नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने पलटवार किया है। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा वैशाली जिले के बिदुपुर में हुए गोलीकांड के बाद मृतक के परिवार वालों से मिलने पहुंचे थे। जहां पर अब्दुल बारी सिद्दीकी पर नेता प्रतिपक्ष ने हमला बोला है। सिन्हा ने कहा कि यह महिलाओं का अपमान है। यह विकृत मानसिकता वाले लोग हैं, जिस महिला को हम शक्ति स्वरूप माता बहन के रूप में सम्मान देते हैं। उसके प्रति इस तरह की भावना व्यक्त करने वाले लोगों की मानसिकता साफ बताती है कि ये ऐसे जमात हैं, जो भारत के शक्ति का अपमान कर रहे हैं। सिन्हा ने बिहार के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री पर भी हमला बोला है। विजय सिन्हा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नालंदा और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के राघोपुर क्षेत्र में लगातार हत्याएं हो रही हैं। जब मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का क्षेत्र ही सुरक्षित नहीं है तो बिहार की जनता क्या सुरक्षित रहेगी। बिहार के मुख्यमंत्री-उप मुख्यमंत्री को अपने-अपने क्षेत्र में ध्यान देने की जरूरत है।

### सिद्दीकी का बयान शर्मनाक व अपमानजनक: रविशंकर



भारतीय जनता पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद ने अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत की महिलाओं, बहनों और बेटियों के खिलाफ जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है वह शर्मनाक, अपमानजनक और निंदनीय है। यह चौंकाने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि यह कौन सी भाषा है? असली मंशा क्या है?... जब आप सत्ता में थे तो क्या आपने लोकसभा और विधानसभा के लिए ओबीसी के सशक्तिकरण के लिए कोई प्रयास किया था?... संपूर्ण दृष्टिकोण यह है कि सत्ता केवल परिवार के पास आनी चाहिए। बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने यह भी कहा कि सामान्य ओबीसी या पार्टी कार्यकर्ता के लिए कोई जगह नहीं है, यह परिवार के लिए आरक्षित है। इसलिए यह चौंकाने वाला पाखंड है, दोहरा मापदंड है। जिस तरह से उन्होंने देश की महिलाओं को सशक्त बनाया है, उसके लिए हमें पीएम मोदी पर गर्व है।

### सिद्दीकी को महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए: श्रेयसी सिंह



जमुई से बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह ने अब्दुल बारी सिद्दीकी पर जोरदार हमला बोला है। महिलाओं के खिलाफ दिए गए अब्दुल बारी सिद्दीकी के बयान पर श्रेयसी सिंह ने कहा कि वो सिद्दीकी जैसे लोगों को नेता ही नहीं मानती। श्रेयसी सिंह ने कहा कि इनके जैसे लोग महिलाओं को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहते इसलिए निम्न स्तर की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि तीर से निकला हुआ कमान और जुबान से निकली हुई बातें वापस तो नहीं होती, अब्दुल बारी सिद्दीकी को महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

**सिद्दीकी को ऐसे बयान से बचना चाहिए: महुआ माजी-** झामुमो सांसद महुआ माजी ने कहा कि उनके परिवार की औरतें भी लिपस्टिक लगाती होंगी। उन्हें ऐसे बयान देने से बचना चाहिए, जिनसे महिलाएं आहत हों। सांसद ने कहा कि महिलाओं को स्वतंत्रता मिली है कि वो जैसे रहना चाहें रह सकती हैं। हां, अश्लीलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर किसी महिला को सुंदर दिखने के लिए बॉब कट लेना है या लिपस्टिक लगानी है तो वो लगा सकती हैं। इसमें मुझे नहीं लगता किसी को परेशानी होनी चाहिए।

## मदरसा अजीजिया के पुनर्निर्माण के लिए 29.78 करोड़ रु. की मंजूरी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार शरीफ में 31 मार्च को निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान लहेरी थाना इलाके के गगनदीवान मोहल्ला के हिंसक झड़प की घटना घटी थी। घटना के दिन भारवपर स्थित अजीजिया मदरसा में आसामाजिक तत्वों ने घुसकर मदरसे में आग लगा दी थी। इस घटना में मदरसे के अंदर रखें कई ऐतिहासिक किताबें भी जलकर राख हो गई थीं। मदरसा में आग लगाने की घटना राजनीतिक भी तूल पकड़ लिया था। वहीं, अब मदरसा अजीजिया के पुनर्निर्माण के लिए बिहार सरकार ने 29.78 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

मदरसा अजीजिया बिहारशरीफ के प्रभारी प्राचार्य मौलाना शाकिर कासमी ने बताया कि मशहूर और बिहार प्रांत का सुप्रसिद्ध 125 वर्ष




पुराना ऐतिहासिक मदरसा है। स्वर्गीय बीबी सोगरा ने अपने दिवंगत पति मौलवी अब्दुल अजीज के नाम पर 1910 में मदरसा अजीजिया के नाम से इस संस्था का स्थापना की थी, जिसे 31 मार्च 2023 को राम नवमी शोभा यात्रा जुलूस में शामिल उपद्रवियों के द्वारा आग लगा लगा दी गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 4500 पुस्तकों वाली विशाल लाइब्रेरी भी जलकर राख हो गई थी। इस विशाल लाइब्रेरी में कुछ ऐसी नायब किताबें थी जो अभी के समय में मिलना संभव नहीं है।

## देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करनेवाला गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र से एक युवक को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान मुजफ्फरपुर के सकरा थाना क्षेत्र के दरधा गांव निवासी मोहम्मद आकिब के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि उसे शुक्रवार की रात को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है

**'धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली भाषा वायरल हो रही थी':** पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी और धार्मिक



भावनाओं को भड़काने वाली भाषा वायरल हो रही थी। पुलिस के संज्ञान में आने के बाद तत्काल कारवाई की गई। इस मामले में सकरा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। आगे पुलिस अधिकारी ने कहा कि जिले में स्थिति सामान्य है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील लोगों से की जा रही है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
RUPSAGAR
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे, अच्छी पैदावार की जगी आस

## हथिया नक्षत्र

- धान की फसल के लिए वरदान मानी जाती है हथिया नक्षत्र की बारिश, रबी फसलों को भी लाभ
- इस बार सामान्य से कम बारिश होने से चिंतित थे किसान



**केटी न्यूज/बक्सर**

हथिया नक्षत्र शुरू होने के साथ ही मानसून एक बार फिर से सक्रिय हो गया है। गुरूवार के बाद शनिवार को भी जिले में झमाझम बारिश हुई। जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे है। बता दें कि हथिया नक्षत्र की बारिश धान की फसल के लिए वरदान सरीखा होती है। वही रबी फसलों की बुआई में भी इस बारिश का फायदा मिलता है।

इस बार मानसून कमजोर रहने तथा कम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ी हुई थी। महंगे डीजल फूंकने के बावजूद अच्छी बारिश के अभाव में धान की फसल का ग्रोथ उम्मीद के मुताबिक नहीं हो पा रहा था। वहीं अब धान की फसल में बालियां निकलने का समय आ गया है। ऐसे समय में बारिश होने से फसल का उत्पादन दर तथा उसकी गुणवत्ता बेहतर होती है। यही कारण है कि हथिया नक्षत्र में बारिश शुरू होते ही किसान राहत महसूस कर रहे हैं। जिले के अग्रणी किसान आशुतोष पांडेय, धर्मेन्द्र पांडेय, मनोज यादव, दयाशंकर तिवारी आदि ने बताया कि हथिया नक्षत्र में बारिश होने से फसल दर तथा गुणवत्ता दोनों बढ़ जाती है। किसानों ने कहा कि बारिश के अभाव में फसलों को बचान मुश्किल हो रहा था। लेकिन अब बारिश होने से कीटो का प्रकोप भी कम होगा। गौरतलब है कि गुरूवार से हस्त नक्षत्र शुरू हुआ है तथा गुरूवार को भी अच्छी बारिश हुई थी। वही शनिवार की बारिश के बाद किसानों में इस बात की उम्मीद जगी है कि देर से ही सही मॉनसून लौटने से धान की बंपर पैदावार होगी।

किसानों का कहना है कि हथिया नक्षत्र खरीफ तथा रबी दोनों फसलों के लिए महत्वपूर्ण होता है। चूकी यह मॉनसून सत्र का अंत माना जाता है। जबकि इसी नक्षत्र में धान की फसल बालियों के लिए तैयार होती है। इस समय बारिश होने से बालियां अच्छी निकलती हैं तथा दाने भी पुष्ट होते हैं। वही इसके बाद रबी फसलों की बुआई की शुरूआत होती है। बारिश होने से खेतों में रबी फसलों की बुआई के समय पर्याप्त नमी रहती है। जबकि हथिया में बारिश नहीं होने पर धान की पैदावार कम होती है, कीटो का प्रकोप बढ़ता है तथा रबी फसलों की बुआई के समय खेतों की नमी भी गायब रहती है।

### क्या कहते हैं कृषि वैज्ञानिक

धान की फसल को इस वक्त पानी की अधिक जरूरत होती है। ऐसे में बारिश फसलों के लिए विशेष लाभदायी है। बारिश होने से धान की फसल में बीमारियों तथा कीटो का प्रकोप कम होगा। रबी फसलों में भी फायदा मिलेगा।

**– प्रकाश कुमार, कृषि वैज्ञानिक, वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज, डुमरांव**

# बारिश से शहर की कई सड़को पर पसरा कीचड़, पैदल चलना भी दूभर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद प्रशासन शहर को मॉडल सिटी बनाने के मास्टर प्लान पर काम कर रही है। इसके लिए विकास के बड़े-बड़े दावे भी किए जा रहे है लेकिन शहर के पॉश इलाके सुमित्रा कॉलेज रोड, हाइस्कूल रोड, हरिजी के हाता, टेक्सटाइल कॉलोनी, चाणक्यपुरी कॉलोनी सहित अन्य मोहल्ले की सड़क अपनी कहानी बयां करती है। शनिवार की दोपहर से हो रही हल्की बारिश से इन सड़को पर फिसलन हो गयी और लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार बन गया। कॉलोनियों के लोगों का कहना है कि सड़क पर जमा पानी को लेकर कई बार लोगों ने नगर परिषद के जिम्मेदारों को समस्या बतायी। पानी भरे रहने से क्षतिग्रस्त हो रही सड़क की मरम्मत कराने की मांग की ताकि इन कॉलोनियों के लोगों व राहगीरों को राहत मिल सके लेकिन नप के जिम्मेदारों द्वारा इन सड़कों पर ईंट के टुकड़े और मिट्टी डालकर गड्ढे को भर दिया गया। इससे समस्या और बढ़ गयी है। अब यहां कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन गयी है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इस मोहल्ले के लोग कीचड़ से सने सड़क से गुजर कर अपने घरों को पहुंचते हैं।

## खबरें फटाफट

### मौसी-भतीजी को सांप ने डंसा, भतीजी की मौत

**चौसा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खिलाफतपुर गांव में रात घर में सोई मौसी व भतीजी को सांप ने डंस लिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान भतीजी की मौत हो गई जबकि इलाज के बाद मौसी की जान बच गई। जानकारी के अनुसार खिलाफतपुर गांव के दीपनारायण राम के की साली राजपुर थाना के भलुआ गांव निवासी दुलारचंद राम की पत्नी गीतांजली देवी अपने बहन के घर आई थी। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद दीपनारायण की 15 वर्षीय बेटी दिव्यानी अपनी मौसी के साथ घर में सो गई। अहले सुबह दोनों को एक सांप ने डंस लिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन दोनों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान दिव्यानी की मौत हो गई। वही गीतांजली की बिगड़ती हालत को देख स्वजन उसे प्रताप सागर स्थित मेथोडिस्ट अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी जान बच गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**केसठ।** केसठ मिठईया पुल पर शनिवार की शाम एक कार व बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मिठईया पुल पर गोबिंदपुर गांव निवासी राजेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र उज्वल कुमार सिंह उर्फ बबलू बाइक से कतिकनार से अपने गांव लौट रहा था। वह जैसे ही मिठईया पुल पर पहुंचा कि विपरीत दिशा से आ रही नैनो कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगो ने एंबुलेंस बुलवा इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। पीएचसी से मिली जानकारी के अनुसार युवक की बाया कंधा की हड्डी टूट गई है। बेहतर उपचार के लिए उसे अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव रेफर कर दिया गया। वही इस घटना की सूचना मिलते ही नावानगर पुलिस नैनो कार को जब्त करवाया। थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पीड़ित पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं करवाया गया था।

## सेविका सहायिकाओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरी दिन भी जारी, बोलीं...

# चेतावनी... जब तक सरकार मांगें नहीं मान लेती तब तक जारी रहेगी हड़ताल

- सेविका सहायिका बोलीं- या तो उन्हें सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाए नहीं तो सेविकाओं को प्रतिमाह 25 हजार रु. व सहायिकाओं को 18 हजार प्रतिमाह मानदेय मिले




**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार राज्य आगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटी सेविका सहायिकाओं ने दूसरे दिन अपना काम ठप रखा। उनके हड़ताल पर चले जाने से केन्द्रों में मासूमों की पढ़ाई व पोषाहार ठप हो गया है। शनिवार को अपनी चट्टानी एकता का प्रदर्शन करते हुए हड़ताल पर डटीं सेविका सहायिकाओं ने स्पष्ट कहा कि या तो उन्हें सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाए नहीं तो सेविकाओं को प्रतिमाह 25 हजार रूपए तथा सहायिकाओं को 18 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाए। ताकि इस सम्मान जनक मानदेय से वे अपने परिवार को दो वक्त की रोटी खिला सकें। बच्चों की पढ़ाई तथा बीमारों की दवाई करा सकें। सेविका सहायिकाओं का कहना था कि अभी उन्हें जो मानदेय मिल रहा है वह न्यूनतम मजदूरी से बहुत नीचे है तथा इतने कम पैसे से घर का संचालन तो दूर बच्चों की पढ़ाई या बीमार होने पर दवाई तक नहीं हो सकती है।

बता दें कि समिति के आह्वान पर राज्य सरकार के वादा खिलाफी से नाराज सेविका सहायिकाओं ने शुक्रवार से ही अपने पांच सूत्री मांगो को लेकर हड़ताल कर दिया है। हड़ताल के दूसरे दिन प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष पूनम चौबे की अध्यक्षता में पूरे दिन धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान सेविका तथा सहायिकाओं ने हड़ताल को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर वादा खिलाफी करने तथा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

सेविका सहायिकाओं ने सरकार विरोधी नारे भी लगाए तथा अपनी एकता प्रदर्शित करते हुए कहा कि जब तक सरकार द्वारा उनकी मांगों को नहीं माना जाता है तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा। प्रखंड अध्यक्ष पूनम चौबे ने कहा कि इस बार हम किसी भी सूरत में सरकार के आगे झूकने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी होने तक उनका आंदोलन न सिर्फ जारी रहेगा बल्कि समय के साथ यह और धारदार होते जाएगा। वही आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने से उसमें पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के लिए समस्या उत्पन्न हो गयी है। धरना में सदर प्रखंड सचिव पुष्पा कुमारी, सुनीता देवी, पूजा मिश्रा, कुमारी अनिच्छा रानी, माधुरी देवी, प्रियंका रंजन, अनीता कुमारी, प्रभावती कुमारी, राजकुमारी देवी, सोना देवी, रेखा पाठक समेत सैकड़ो आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाएं शामिल रही और अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद की।

### अन्य प्रखंडो में भी हड़ताल

सदर प्रखंड के अलावे जिले के सभी प्रखंडो में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। जानकारी के अनुसार चौसा, इटाढ़ी, राजपुर, सिमरी, ब्रह्मपुर, डुमरांव, नावानगर, चौगाई आदि प्रखंडो में भी हड़ताल जारी रहा। सेविका सहाकिओं के हड़ताल पर चले जाने से मासूमों की पढ़ाई व पोषाहार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के साथ ही आईसीडीएस की कई योजनाएं भी लटक गई है। जिससे विभाग की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के जिम्में ढाई से पांच वर्ष तक के बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार करने तथा उन्हें एमडीएम के माध्यम से पौष्टिक आहार दे कुपोषण से बचाने की बड़ी जिम्मेवारी होती है। लेकिन राज्य सरकार द्वारा उनका मानदेय काफी कम रखा गया है। पूर्व में भी सेविका सहायिकाओं ने अपने पांच सूत्री मांगो के समर्थन में हड़ताल किया था। तब सरकार द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्दी ही उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा। लेकिन सरकार इसे अमलीजामा नहीं पहना सकी।

# कर्मनाशा पुल पर आज से दौड़ेंगे दोपहिया वाहन

- बड़े वाहनों का परिचालन शुरू होने में अभी लगेगा कुछ वक्त
- मरम्मत के कारण करीब एक माह से बंद था आवागमन



**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार से यूपी बिहार को जोड़ने वाले कर्मनाशा पुल पर दिन में दोपहिया वाहनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। हालांकि अभी बड़े वाहनों का परिचालन शुरू होने में कुछ दिन का समय लगेगा। बता दें कि पिछले एक महीने से इस पुल के मरम्मत का काम चल रहा था। जिस कारण परिचालन ठप था। बता दे कि यह पुल एक साल से जर्जर हो गया था। जिस पर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। इसका मरम्मत यूपी पुल निर्माण कंपनी की देख रेख में एक माह पहले शुरू हुआ था। जिसकी लागत तीन करोड़ पांच लाख रुपये थी। जिससे पुल में लगे जर्मन कम्पनी के 24 बेयरिंग व 14 ज्वाइन्टर, रेलिंग के साथ मरम्मत के और कार्य किये जाने थे। जो बनकर तैयार हो गए हैं। अब पुल पर केवल मस्टिंग कार्य के अलावा रेलिंग पेंटिंग वगैरह की जानी है।

इसके लिए शुक्रवार को पुल निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निर्माण कार्य का मुआयना किया। हालांकि इन अधिकारियों ने डीएम का हवाला देते हुए कहा कि अभी पुल पर सभी तरह वाहनों के परिचालन की छूट नहीं दी जाएगी। धीरे-धीरे कर भार अनुसार वाहनों का परिचालन प्रारम्भ किया जाएगा। इसके लिए डीएम द्वारा जारी परिचालन के रूट चार्ट के अनुसार ही वाहनों का परिचालन किया जाएगा। निर्माण कम्पनी के अभियंता रेहान द्वारा बताया गया कि रविवार से दिन में पुल से साइकिल, राहगीर, दो पहिया वाहनों के परिचालन की अनुमति रहेगी।

# बेटे के अपहरण का आरोप लगा दो पर दर्ज कराया एफआईआर

**नावानगर।** सोनवर्षा के एक किशोर के अपहरण का आरोप लगा उसके पिता ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वैसे मामला आपसी विवाद का प्रतीत हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सोनवर्षा बाजार निवासी अभय कुमार शर्मा ने अपने बेटे के अपहरण किए जाने का आरोप लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि मेरा पुत्र सूरज कुमार शुक्रवार को सुबह स्थानीय खेल मैदान में खेलने के लिए गया था। जो काफी देर तक लौट कर घर नहीं आया। काफी खोज-बीन के बाद भी वह नहीं मिला। अभी हमलोग उसकी खोजबीन कर ही रहे थे कि देर शाम परमानपुर गांव से एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि आपका बेटा मेरे पास है तथा काफी डरा-शहमा हुआ है। जिसके बाद मेरे परिजन जा कर उसे घर ले आए। बेटा ने बताया कि गांव के ही ददन साह व ललन साह उसको जबरन उठाकर बंद गाड़ी में ले गए थे तथा रोहतास जिला के सीमा में मलई बराज के पास सुनसान जगह पर उसका हांथ पैर बांधकर छोड़ दिये। वह किसी तरह रस्सी खोलकर वहां से भाग कर आया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है, मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### बीपीएससी की संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न पूरे दिन केंद्रों का निरीक्षण करते रहे आलाधिकारी



**बक्सर।** शनिवार को बिहार लोक सेवा की 69वीं संयुक्तव प्रवेश परीक्षा बक्सर के सभी नौ परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। सभी केन्द्रों पर आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन कराया गया तथा परीक्षार्थियों को किसी तरह के इलेक्ट्रानिक डिवाइस, कैलकुलेटर आदि ले जाने की छूट नहीं थी। परीक्षा केन्द्रो के बाहर सघन तलाशी अभियान के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा था। वही डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार खुद विधि व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। डीएम एसपी ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारियों ने नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बक्सर, एमपी उच्च विद्यालय रामरेखा घाट बक्सर एवं एमवी कॉलेज चरित्रवन बक्सर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं वहां प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक एवं दंडाधिकारियों को आयोग के निदेशों का अक्षरशः पालन कराने का निर्देश दिया। जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नौ परीक्षा केंद्रों पर कुल परीक्षार्थियों की संख्या 5460 थी। जिसमें 3928 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 1532 परीक्षार्थियों ने विभिन्न कारणों से परीक्षा छोड़ दी है।

### मांगो के समर्थन में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन




**बक्सर।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ महिला उप समिति के बैनर तले शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष दस सूत्री मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। इसमें जिला के सभी प्रखण्डो से महिला एवं पुरुष कर्मचारी धरना प्रदर्शन में भाग लिए। प्रदर्शन राज्य समिति के निर्देश पर दिया गया। प्रदर्शन के पश्चात आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला मंत्री आनंद सिंह ने कहा कि संविदा पर कार्यरत जीएनएम तथा एएनएम की सेवा नियमित की जाए। बिहार राज्य नर्सिंग काउंसिल के निबंधक का स्थाई चयन कराए बगैर नर्सिंग काउंसिल के चुनाव की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए त्रुटिपूर्ण प्रकाशित मतदाता सूची को संशोधित करते हुए नर्सिंग कौशल में निबंधित बीएससी नर्सिंग का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए। संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर कार्यरत महिला कर्मियों को दो दिन का प्राकृतिक अवकाश देने की व्यवस्था कर की जाए। जीएनएम, एएनएम, सिस्टर ट्यूटर के रिक्त पदों को अभिलंब स्थाई नियुक्ति के द्वारा भरा जाए। सभी को पूर्ण पेंशन दिया जाए तथा सीमांत लाभ एवं प्रोन्नति के लिए संविदा की अवधि की गणना की जाए।

## रोटरी सहेली सेंटर का 19 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना, छात्राओं ने नृत्य की दी प्रस्तुति

# लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है रोटरी क्लबः जायसवाल







**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को रोटरी सहेली सेंटर का 19 वां वार्षिकोत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सेंटर की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बता दें कि बक्सर रोटरी क्लब द्वारा संचालित सहेली सेंटर का 19वां वार्षिकोत्सव रोटरी भवन सिविल लाइन में आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता रोटरी अध्यक्ष राजेश केशरी ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी अध्यक्ष राजेश, सहायक गवर्नर सतेंद्र सिंह, एस एम साहिल तथा डॉ सी एम सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मंच का संचालन दीपक अग्रवाल ने किया। इस मौके पर सहेली की छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, गीत आदि विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी कला का परिचय दिय। सहेली की छात्राएं काजल, सोनम, कुमकुम प्रियंका तथा खुशी के द्वारा मनमोहक नृत्य एवं सलोनी, सानिया, ज्योति तथा आरती के द्वारा गानों की प्रस्तुति की गई। इसके अलावा शहर के मशहूर गायक उमेश जायसवाल, गुड्डू पाठक द्वारा भी अपनी अपनी प्रस्तुति पर तालियां बटोरी गई। कार्यक्रम के उपरांत सहेली की शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि रोटरी सहेली सेंटर की स्थापना 2004 में हुई थी। मौके पर उपस्थित रोटेरियन प्रदीप जायसवाल ने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों को लोगों के समक्ष रखते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में रोटरी क्लब पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि बक्सर व डुमरांव में अबतक रोटरी क्लब का काम काफी सराहनीय रहा है। उन्होंने लोगों से समाज के जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करने की अपील की। समारोह में मनोज वर्मा, इमरान अख्तर, अनिल केशरी, गोपाल केशरी, कृष्णानंद सिंह, मीना सिंह, राजकुमार सिंह, सुनील कुमार, राजेश गोयल, दीपक अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, मनीष पाण्डेय, मीरा देवी, प्रभु जी, सुनीता सिंह, माधुरी केशरी, सुरज गुप्ता उपस्थित रहे।



# आरके सिंह बोले... आरा का विकास हमेशा से हमारे लिए रहा है सर्वोपरि

**केटी न्यूज/आरा**

केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने शनिवार को एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत आरा में 'शहीद स्मारक' के निर्माण कार्य का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया । इस अवसर पर आरावासियों को सम्बोधित करते हुए कहा की आरा वीरों की धरती हमेशा से रही है और यहाँ के लोग सदैव स्वराज्य और राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले रहे हैं । बाबु कुँवर सिंह ऐसा सेनानी थे,जिन्होंने अंग्रेजो को तीन बार हराया। यह 'शहीद स्मारक' हमारे वीर जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने राष्ट्र की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने आगे कहा कि, आरा बाबू वीर कुँवर सिंह की



धरती है और ये स्मारक हमारे सैनिकों का नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ़ प्रण का प्रतीक बनेगा। रमना मैदान, सांस्कृतिक भवन हो या घंटा घर का डिजाइन शहर के बुद्धिजीवी वर्गो से राय लेकर तय किया गया डिजाइन है और ये सभी डिजाइन आर्किटेक्चर द्वारा बनवाया जाता है। शहीद स्मारक का डिजाइन बहुत सुंदर है। आरा का विकास हमेशा से हमारे लिए सर्वोपरि रहा है और इसके विकास के लिए 109 करोड़ रुपये की योजना आगे तैयार है जो आरा के सौंदर्यीकरण एवं विकास गति में अहम योगदान देगी।

उन्होंने कहा कि अभी तक मेरे द्वारा सांसद निधि और सीएसआर निधि से 1062 गाँवो मे योजना दी गई है,जिसमे 817 गाँवो मे योजना पूर्ण हो गया है।173 योजना निमार्णाधीन है और 188 योजनाएँ नए है।कुल योजना 1178 है। अभी तक जितने सांसद हुए उनके द्वारा किए गए कार्य इसके एक चौथाई भी नही है।साथ ही कोईलवर छह लेन पुल,जिला के चारो तरफ फोरलेन ,मेडिकल कॉंलेज, इंजीनियरिंग कॉंलेज, रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण, दर्जनों ट्रेनो का ठहराव, और नए ट्रेनो का आरंभ आदि बहुत से ऐतिहासिक कार्य हुए है और आगे भी होता रहेगा।इस अवसर पर एनटीपीसी के प्रवक्ता,विश्वनाथ चंदन ने बताया कि, एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत कुल 25.30 लाख रुपये की लागत से आरा के जिला सैनिक वेलफेयर ऑफिस परिसर में 'शहीद स्मारक' का निर्माण कार्य का शुभारंभ आज से किया जा रहा है। माननीय केंद्रीय मंत्री आर के सिंह से देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए लड़ने वाले सैनिकों हेतु शहीद स्मारक का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग स्थानीय लोगों के द्वारा की जा रही थी ।वहीं, पावर ग्रिड के नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आरा के ?संस्कृति भवन? का जीर्णोद्धार कार्य कुल 3.88 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया जा रहा है । शनिवार को आरा के वीर कुँवर सिंह स्टेडियम में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में माननीय केंद्रीय ऊर्जा, नवीन एवं नवीकरणीय मंत्री सह सांसद,आरा, आर.के. सिंह द्वारा शिलान्यास और निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

## एक नजर

### दैनिक सफाई मजदूर ने आरा नगर निगम के समक्ष दिया धरना, बोले बंद हो शोषण



**आरा।** सफाईकर्मियों की दैनिक मजदूरी 500 रुपए करने, ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का शोषण बंद करने, ठेका प्रथा बंद करने आदि कई मांगों को लेकर बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ आरा की ओर से नगर निगम के समक्ष एकदिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरना की अध्यक्षता बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के सरुन राम ने किया। धरना को संबोधित करते हुए माले नेता गोपाल प्रसाद ने कहा कि आरा नगर निगम में ठेका प्रथा के जरिए सफाईकर्मियों का शोषण किया जा रहा है !इस मंहगाई के दौर उन्हें मजदूरी भी नहीं मिलती है !पिछले 2021 में नगर निगम बोर्ड में मजदूरी बढ़ाने के पास किया गया था लेकिन आज तक इसे लागू नहीं किया गया! जबकि इन मजदूरों के बल पर आरा शहर को साफ-सुथरा किया जाता है लेकिन इनका जीवन आज भी नारकीय बना हुआ है! इन मजदूरों की स्थाईकरण नहीं करने जीवन का भविष्य अंधकारमय हो गया है! इसलिए इन मजदूरों का स्थाई करण कर इनके जीवन को सुरक्षित किया जाए नहीं इससे बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा!धरना के बाद नगर आयुक्त से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिलकर मांग-पत्र सौंपा गया!धरना को भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम,राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, ललिता देवी, अजय राम, मुन्ना राम, बबली देवी,बचिया देवी, परमात्मा मुसहर,मकेर राम आदि कई लोग थे।

## घर लौट रहे किसान को ट्रक ने रौंदा, मौत

**आरा।** भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार में शनिवार दोपहर बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार किसान को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी किसान की इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। मृतक फतेहपुर गांव निवासी 52 वर्षीय सुभेक सिंह थे। किसान के चचेरे भाई अमीरचंद सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह सब्जी खरीदने फतेहपुर बाजार गए थे। सब्जी लेकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे।

उसी दौरान तेज रफ्तार एक ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए पीरो स्थित अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि किसान अपने पांच भाई और दो बहनों में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी रिंकू देवी, पुत्री रंभा, निशा और पुत्र रौशन है। हादसे के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## एमएलसी राधाचरण सेठ और उनके बेटे सहित तीन पर मामला

# जुलूस पर फायरिंग मामले की अब नये सिरे से होगी सुनवाई

- आरा सिविल कोर्ट के जिला और सत्र न्यायाधीश की ओर से जारी किया गया आदेश
- आरा की बड़ी मठिया के पास 1997 में समता पार्टी के जुलूस पर फायरिंग का मामला
- समता पार्टी के तत्कालीन नेता सुरेंद्र सिंह की ओर से दर्ज करायी गयी थी
- हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट छोड़ कर जमानती धाराओं में चार्ज हुआ था केस
- आयकर चोरी के मामले में बेटे कन्हैया के साथ बेऊर जेल में बंद हैं जदयू के विधान पार्षद राधा चरण साह

**केटी न्यूज/ आरा**

आय से अधिक संपत्ति मामले में फंसे जदयू एमएलसी राधा चरण साह की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। विधान पार्षद राधा चरण साह अब 26 साल पुराने जुलूस पर फायरिंग के एक मामले में मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। उस मामले में विधान पार्षद, उनके बेटे कन्हैया प्रसाद और भाई शत्रुघ्न प्रसाद सहित अन्य के खिलाफ नये सिरे से सुनवाई होगी। हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस चार्ज करने के लिए सीजेएम कोर्ट में सुनवाई की जायेगी।

पीड़ित पक्ष के आवेदन पर जिला और सत्र न्यायाधीश की ओर से उस केस में दुबारा सुनवाई करने का आदेश दिया गया है। मामला 1997 में शहर की बड़ी मठिया के पास समता पार्टी की जुलूस



फायरिंग से जुड़ा है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता कोर्ट में अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 1997 में शहर में समता पार्टी की ओर से जुलूस निकाला गया था।

तब बड़ी मठिया के पास जुलूस पर हमला और फायरिंग की गयी थी। उसे लेकर समता पार्टी के तत्कालीन नेता सुरेन्द्र सिंह की ओर से हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया था। उसमें राधा चरण साह, उनके भाई शत्रुघ्न और बेटे कन्हैया सहित अन्य लोगों को आरोपित किया गया था। उस मामले में कोर्ट द्वारा संज्ञान लेने के बाद हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट एक्ट छोड़ कर जमानतीय धारा में केस चार्ज किया गया था। उसकी जानकारी मिलने पर उनके द्वारा जिला और सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत केस चार्ज करने के लिए याचिका दायर की गयी थी। उस पर जिला और सत्र न्यायाधीश की ओर से सीजेएम कोर्ट को उस मामले में नये सिरे से सुनवाई करने का आदेश दिया गया है। कोर्ट के इस आदेश के बाद जदयू एमएलसी और उनके परिजनों की मुश्किलें बढ़ गयी है। बता दें कि जदयू एमएलसी राधा चरण साह और उनके पुत्र कन्हैया प्रसाद फिलहाल आय से अधिक संपत्ति के मामले में बेऊर जेल में बंद हैं। एमएलसी को 13 सितंबर को ईडी द्वारा पीएमएलए एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसके कुछ दिन के बाद उनके बेटे कन्हैया प्रसाद को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।

## ननिहाल में मां के साथ सो रहे बच्चे की सांप के डंसने से मौत

**आरा।** शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में शुक्रवार की रात विषैले सांप के डंसने से एक बच्चे की मौत हो गयी। झाड़-फूंक के बाद इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत बच्चा बक्सर के बगेन गोला थाना क्षेत्र के पोखराहा गांव निवासी सोनू कुमार का 10 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार था?। वह अपने ननिहाल सैदपुर गांव आया था। उसके मामा हरमेन्द्र कुमार ने बताया कि उसके बहनोई सोनू कुमार दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करते हैं। उनका भांजा छह महीने से अपनी मां और दो बहनों के साथ सैदपुर गांव में ही रह रहा था।

शुक्रवार की रात वह अपनी मां के साथ कमरे में सोया था। उसी बीच विषैले सांप ने उसे डंस लिया। उससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। उसके बाद परिजन उसे झाड़-फूंक कराने के लिए यूपी के अमवा के सती माई स्थान ले जाया गया। वहां घंटे भर झाड़-फूंक के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। उसके बाद ओझा द्वारा इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की बात कही गयी। तब उसे आनन-फानन में आरा सदर अस्पताल लाया गया।




## स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए जरूरी: जिला जज



**केटी न्यूज/ जहानाबाद**

राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार डॉ राकेश कुमार सिंह ने व्यवहार न्यायालय जहानाबाद के परिसर में स्वयं अपने अधीनस्थ न्यायिक पदाधिकारीगण, कर्मचारी गण, पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयंसेवक गण आदि के साथ पहल की। स्वच्छता पर उन्होंने कहा कि घरों के आसपास सड़कों, नालियों, पोखरों, या जल स्त्रोतों आदि को साफ रखने से सारा वातावरण स्वच्छ रहता है। इससे रोगाणु नहीं पनपते हैं। और अनेकों प्रकार के संक्रामक रोग भी नहीं फैलते हैं। जल और वायु में शुद्धता रहती है। इससे सभी वर्गों के स्वास्थ्य का स्तर उत्तम बना रहता है। स्वच्छता का अर्थ सफाई में रहने की आदत डालें स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। स्वच्छता सभी लोगों को दिनचर्या हिस्सा बनाना चाहिए। प्राधिकार सचिव रंजीत कुमार ने बतलाया कि महात्मा गांधी ने कहा था स्वच्छता ही सेवा है। लोगों को कचरा का निपटान करना चाहिए घरों को हमेशा साफ सुथरा रखें।

## विश्वकर्मा समुदाय की बैठक में अपराधियों की गिरफ्तारी की माँग

**काको।** स्थानीय बाजार स्थित विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स में लोहार एंव आदिवासी संघर्ष मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष धनन्जय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड स्तरीय कमिटी के गठन के उपरांत लोहार समुदाय की समस्या एंव चुनौती पर चर्चा हुई।ततपश्चात गत दिनों राजकुमार विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्क्स में अपराधियों द्वारा की गई तोड़ फोड़ की निंदा करते हुएसभी आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी की माँग की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही में पुलिस की शिथिलता पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ेगा। हांथ में हथौड़ा लिए सैंकड़ों की संख्या में लोग थाना पहुंचे जहां थाना अध्यक्ष के अनुपस्थिति में उप थाना अध्यक्ष के के समक्ष अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। रिंकू विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा, करू विश्वकर्मा, बजरंगी, रंजित, राजवकुमार विश्वकर्मा, शिवकुमार विश्वकर्मा समेत कई लोग शामिल थे।

## आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत संकल्प सभा का शुभारंभ




**केटी न्यूज/ मोदनगंज**

प्रखंड क्षेत्र के कृषि विज्ञान केंद्र गंधार के सभागार में आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत संकल्प सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का प्रसारण किया गया। जिसमें माननीय प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी हिस्सों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत संकल्प सभा का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि सुदूर प्रखंडों में भी शासन व्यवस्था सहित किसनों, स्कूली बच्चों एवं आम नागरिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका संचालन का जिम्मा नीति आयोग को दिया गया है। देश के 500 ब्लॉक जो 329 जिलों में चुना गया है उसमें इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र गंधार में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र के कृषि अभियंत्रण वैज्ञानिक इंजीनियर जितेंद्र कुमार ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत जिला के किसानों एवं किसान महिलाओं को उनके कार्यों में सहजता के लिए केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों के लिए प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया।




## आरा मंडल कारा के बंदियों को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवाएं

# स्वस्थ समाज के लिए फाइलेरिया उन्मूलन आवश्यक : वीबीडी

**केटी न्यूज/आरा**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम के तहत शनिवार को मंडल कारा के बंदियों सहित जेल में कार्यरत पदाधिकारी व कर्मचारियों को अल्बेंडाजोल तथा डीईसी की गोलियां खिलाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत जेल बंदियों को अल्बेंडाजोल तथा डीईसी दवा खिला कर हुयी।

कार्यक्रम में मंडल कारा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रंजन कुमार, फार्मासिस्ट संजय कुमार, वीबीडीसी अजीत कुमार व पिरामल इंडिया के डीपीओ चंदन कुमार प्रसाद



मौजूद रहें। अंजनी मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया अभियान के तहत मंडल कारा के बंदियों को दवा सेवन कराया गया है। साथ ही, मंडल कारा परिसर के सभी लोगों के दवा सेवन कर लेने से कारा मंडल के शत प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन करवाना सुनिश्चित किया गया। इस दौरान बंदियों को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान और एमडीए की जानकारी दी गई।

**कई गंभीर रोग के कारक होते हैं मच्छर :** वीबीडीसी अजीत कुमार ने बंदियों को बताया कि फाइलेरिया एक मच्छर जनित रोग है। घर के आस-पास जल जमाव वाले क्षेत्र व गंदे स्थानों पर पनपने वाले कई मच्छर कई गंभीर रोग के कारक होते हैं। इसलिये हमें आसपास के माहौल को हमेशा स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने का प्रयास करना चाहिये। इससे हमें अपने परिवार के साथ-साथ समाज के कई अन्य लोगों को भी गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए फाइलेरिया उन्मूलन आवश्यक है। समय पर इलाज नहीं होने से यह बीमारी मरीज को दिव्यांग बना सकती है। रोग की गंभीरता से अवगत होने के बाद कैदियों में दवा सेवन के प्रति उत्साह देखा गया। कतारबद्ध होकर वे दवा सेवन के लिये अपनी बारी का इंतजार करते देखे गये।

डीपीओ चंदन कुमार प्रसाद ने कार्यक्रम के दौरान कैदियों को फाइलेरिया रोग के विभिन्न पहलूओं से अवगत कराया गया। साथ ही, रोग के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर कष्टकारी रोग है। फाइलेरिया की वजह से हाथी पांव होने की स्थिति में इसका कोई इलाज नहीं है। संक्रमण के खतरों से बचाव के लिये सरकार द्वारा हर साल सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम संचालित किया जाता है। इस साल 20 सितंबर से जिले में इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।



# राजकीय आईटीआई के पूर्व प्रधानाचार्य समेत आठ पर केस दर्ज

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी का दर्ज किया मुकदमा
- प्रशिक्षण के नाम पर लाखों रुपए गबन करने का है आरोप

**केटी न्यूज/बलिया**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बलिया के प्रधानाचार्य समेत आठ लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई सीजेएम कोर्ट के आदेश पर की है। इन लोगों पर प्रशिक्षण यात्रा एवं अन्य प्रशासनिक कार्य के लिए आवंटित दो लाख 50 हजार रुपये के उपयोग में वित्तीय अनियमितता का आरोप है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मिश्र नेवरी निवासी अधिवक्ता और आरटीआई कार्यक्रता मनोज कुमार राय हंस ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई थी कि सूचना के अधिकार (फ्ळक) तहत उन्होंने 30 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, जिसमें अधिकांश बिंदुओं पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बलिया द्वारा सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गई।

यही नहीं, एक बिंदु के जवाब में बताया कि दो लाख 50 हजार रुपये का उपयोग सत्र 2012-13 में प्रशिक्षण यात्रा एवं अन्य प्रशासनिक व्यय के मद का बताया गया। जिसका उपयोग 30 कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण देने के मद के विचलन का अपराध कारित किया गया। इसके अलावा संस्थान के पास प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर खरीदारी से संबंधित दस्तावेज नहीं है। उस तिथि तक संस्थान में 30 कम्प्यूटर ही मौजूद नहीं है। ऐसी स्थिति में 11 कम्प्यूटर से 30 कर्मचारियों को 01जनवरी 2013 से 13 मार्च 213 तक किस विधि से प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी नहीं दिया गया। बल्कि एक ही व्यक्ति का नाम दिखाकर दो बार धन आहरित किया गया, जो आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पूर्व प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार, कैशियर शशि प्रकाश मिश्र, लेखाकार रमेश कुमार यदुवंशी, मु. नसीमुद्दीन, पूर्व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रविंद्र पटेल, प्रधानाचार्य संजय कुमार भारती व निर्देशक एसआर कम्पूवेयर प्रालि, लखनऊ रविशंकर तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली पुलिस को दिया था। इस बाबत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बलिया के प्रधानाचार्य समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## बीच सड़क पर कुत्ता आने से पलटी टेंपो सपा छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष की मौत



**सिकंदरपुर।** खेजुरी थाना क्षेत्र के खड़सरा चट्टी के समीप असंतुलित होकर टेंपो पलटने से समाजवादी छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील यादव समेत तीन लोग घायल हो गए। जिसमे सुनील यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के इटही गांव निवासी छात्र नेता सुनील यादव (42) पुत्र स्व.सियाराम यादव अपने ससुराल खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंवरी गांव जहां वे अपने परिवार के साथ रहते थे। वह टेंपो द्वारा सिकंदरपुर आ रहे थे। अभी वह जैसे ही खड़ा सदा चट्टी से कुछ दूर पहुंचे ही थे कि टेंपो के आगे अचानक कुत्ता आ गया जिसको बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर टेंपो पलट गई।

## खबरें फटाफट

### लो वोल्टेज बिजली से लोगों का हाल-बेहाल

**सिपाह इब्राहिमाबाद ( मऊ)** विद्युत चोरी रोकने और बिलों से सम्बद्ध लंबित धनराशियों के भुगतान को लेकर विभाग दिनों - दिनों सख्त होता जा रहा है तो दूसरी ओर विद्युत आपूर्ति की स्थिति पूर्व की तुलना में लचर होती जा रही हैं स्थानीय विद्युत वितरण उपकेंद्र द्वारा शासन के आपूर्ति संबंधी दिशा- निदेशों की अनदेखी कर अधिकतम तेरह - चौदह घंटे ही बिजली दी जा रही हैं ऊपर से लो - वोल्टेज की समस्या क्षेत्रीय नागरिकों के लिए खास परेशानी की वजह बनी हुई हैं पिछले दिनों हुई सिलसिलेवार बरसात से तापमान में अप्रत्याशित गिरावट आ गई थी,जिससे जनसामान्य को काफी राहत मिली थी किंतु इधर कई दिनों से बारिश न होने और तीखी धूप होने के कारण लोग एक बार फिर बेहाल हैं ऐसे में बिजली की अपेक्षित आपूर्ति न होना बेहद दुखदायी साबित हो रहा हैं

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



मऊ । परदहां ब्लॉक क्षेत्र के रैकवारेडीह में स्थित के एन एस इंटर कॉलेज में महिला कल्याण विभाग मऊ के पदाधिकारियों द्वारा बेटियों को शिक्षित बनाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित छात्राओं कों महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार पाण्डेय, मजिस्ट्रेट एवं उहउ सदस्य अनिता सिंह, सह विधि परविक्षा अधिकारी रेनू पाण्डेय, महिला कल्याण अधिकारी अर्चना राय, चंदा सहनी, संध्या सिंह, राखी राय, कृतिका राय विद्यालय के संचालक निखिल पाण्डेय, उपेंद्र चौहान, विनोद कुमार पाण्डेय, ऋतु गुप्ता, नीतू कन्नौजिया, रेनू सिंह, प्रीति गुप्ता, संगम पाण्डेय, चंदा चौहान, आफिया अफरोज आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे ।

### सेवानिवृत्त होने पर तहसील कर्मियों को समारोह में दी विदाई

मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना तहसील परिसर में शनिवार संध्या तहसील के कर्मचारी सुरेंद्र प्रसाद तथा जंजाली यादव की सेवानिवृत होने के पश्चात तहसील परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी हेमंत कुमार चौधरी ,नायब तहसीलदार गौरव शाह, वीरेंद्र पांडे ,राम बदन, सुभाष चंद्र एवं तहसील के समस्त राजस्व निरीक्षक लेखपाल तथा कर्मचारियों ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस मौके पर एसडीएम तथा नायाब तहसीलदार ने दोनों कर्मचारियों को अंग वस्त्र रामायण की पुस्तक तथा छाता देकर इन्हें विदा किया। उन्होंने कहा कि अभी अपने परिवार में जाकर हंसी खुशी से रहे हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

# जेल मैनुअल के हिसाब से कारागार में संचालित हो व्यवस्था: जिलाधिकारी





**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और एसपी एस. आनंद ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नास्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। डीएम व एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों से संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और उसका निराकरण करवाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने संबंधित अधिकारी पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बंदियों को दी जाने वाली सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

मऊ। जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण जनपद न्यायाधीश रामेश्वर, जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। इस दौरान जेल परिसर स्थित रसोईघर के अलावा पुरुष,महिला एवं किशोर बैरक तथा कारागार परिसर स्थित अस्पताल का भी निरीक्षण संयुक्त टीम द्वारा किया गया।निरीक्षण के समय संयुक्त टीम द्वारा बन्दियो के आपराधिक रिकार्ड, सजा की स्थिति तथा जमानत की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को ऐसे बंदियों को चिन्हित करने, जिनके पास वकील नही हैं,उन्हें यथाशीघ्र यह सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। संयुक्त टीम द्वारा रसोईघर का भी निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक को मीन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन बंदियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। किशोर बैरक, जिसमें 18 से 21 वर्ष के बंदियों को रखा जाता है एवं जिसमें वर्तमान में कुल 30 बंदी विभिन्न अभियोगो में बंद हैं।

## तीन वाहन चोरी के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

- दो अवैध तमंख व दो कारतूस भी बरामद



**केटी न्यूज/बलिया**

एसओजी और बांसडीहरोड थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी हुई एक बोलेरो सहित अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने तीनों चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी बांसडीह शिव नरायन वैस के सफल पर्यवेक्षण में एसओजी बलिया व थाना बांसडीहरोड पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार शनिवार को स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अजय यादव मय हमराह फोर्स थानाध्यक्ष बांसडीहरोड राजकपुर सिंह मय फोर्स के साथ शंकरपुर तिराहे पर मौजूद थे। इसबीच मुखबिर ने सूचना दिया कि 28 सितंबर को बोलेरो चोरी करने वाले 6 बोलेरो चोर बोलेरो का नंबर प्लेट बदल कर हनुमानगंज की तरफ से आ रहे है तथा शंकरपुर होते हुए बांसडीह सहतवार होते हुए बिहार निकल जायेगे। इस सूचना पर एसओजी व थाना बासडीह रोड की संयुक्त टीम ग्राम छोड़हर बारह दुअरिया पुलिया के पास पहुंचे तो पुलिस टीम को आते हुए देखकर बोलेरो वाहन छोड़कर भागने का प्रयास किये जिससे 6 अभियुक्तो में से 3 अभियुक्तों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम निखिल पाण्डेय पुत्र स्व. राम निवास पाण्डेय निवासी ग्राम चन्दाडीह थाना उभांव, वर्तमान पता सतनीसराय भृगु आश्रम थाना कोतवाली, बलिया, राज वर्मा पुत्र सुदामा वर्मा और रोहित पाण्डेय पुत्र उमेश चन्द पाण्डेय निवासीगण सतनी सराय भृगुआश्रम थाना कोतवाली बलिया बताया।






### दूसरी शादी करना पड़ा भारी, पहली पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**बलिया।** काजीपुरा मुहल्ले की रहने वाली सरोज देवी पत्नी सत्यप्रकाश पासवान की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने पति, दूसरी पत्नी व दो फर्जी गवाहों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सरोज देवी की शादी 2008 में सत्यप्रकाश पासवान पुत्र श्रीपति पासवान निवासी चंदवक के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद दंपत्ति ने तीन पुत्री को जन्म भी दिया, सब कुछ ठीकठाक चल ही रहा था कि 2019 में पति सत्यप्रकाश पासवान बहक गए और चुपके से ममता पासवान बहादुरपुरकारी के साथ दूसरी शादी कर ली। दूसरी शादी के बाद से ही पति सत्यप्रकाश पासवान घर पर आना छोड़ दिए थे, साथ ही घर पर खर्चा आदि के लिए पैसा देना बंद कर दिए थे। इसबीच पहली पत्नी सरोज देवी को पता चला कि पति दूसरी शादी कर लिए हैं, पहली पत्नी रजिस्ट्री कार्यालय पहुंची और तो पता चला कि पति ने ममता पासवान के साथ दो फर्जी गवाह को पेश कर दूसरी शादी रचा ली है।

### श्री शीतला माता मंदिर धाम व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने ली शपथ



**केटी न्यूज/मऊ**

श्री शीतला माता मंदिर धाम व्यवस्था समिति, मऊ के पदाधिकारियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ मंदिर प्रांगण के सभागार में वृहस्पतिवार को संरक्षक मंडल के सदस्यों के बीच लिया। अध्यक्ष पद पर संजय वर्मा और महामंत्री डा. रामगोपाल गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय खण्डेलवाल, राजेश कुमार शर्मा, हरे कृष्ण उपाध्याय को संयुक्त मंत्री, आय व्यय निरीक्षक राम अवध सिंह, कोषाध्यक्ष उमा शंकर चौरसिया व सदस्य गिरीश चंद्र मद्धेशिया, रामकेर विश्वकर्मा, राम जपित पांडेय, एडवोकेट अजय सिंह, कल्याण सिंह, आनन्द कुमार ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नगर के आस्था के केंद्र श्री शीतला माता धाम के विशाल सभागार में मंदिर समिति के वरिष्ठ संरक्षक इंजीनियर वीरेंद्र तथा संरक्षक पारस नाथ गुप्ता ने संयुक्त रूप से अध्यक्ष और महामंत्री समेत सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण समारोह में पूरी निष्ठा और दायित्वों तथा कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने की शपथ दिलाया । इस अवसर पर आयोजित समारोह को सर्व प्रथम जय कृष्ण उपाध्याय अजय मिश्र तथा मंदिर के पुजारी मनोज महाराज ने स्वस्ति वाचन से शुरू हुआ। रोली और चंदन से तिलक लगाकर आचार्यों ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को आशीर्वाद दिया।

### मैजिक और बाइक की टक्कर में बच्ची घायल

**मऊ ।** जिला के हलधरपुर थाने के मुहवां मोड़ के पास राजमार्ग संख्या 34 पर शुक्रवार की देर सायं एक अनियंत्रित मैजिक ने बाइक सवार दम्पत्ति को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चला रहा पति तथा पीछे बैठी उसकी पत्नी एवं छः माह की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार की देर शाम जमदरा गाँव निवासी संदीप सिंह (32 वर्ष) अपनी पत्नी प्रीति सिंह (29वर्ष)एवं छः माह की बेटी को मऊ से दवा दिलाकर उनके ननिहाल बलिया जनपद के कंसो पटना गाँव छोड़ने जा रहे थे ।इस दौरान बाइक सवार दंपति ज्योंहि मुहवाँ मोड़ के पास पहुंचे सामने से आ रही अनियंत्रित मैजिक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे संदीप को सिर,सीने तथा पैर में गंभीर चोटें आई। घटना में पत्नी का पैर टूट गया, एवं बच्ची उछलकर दूर जा गिरी। टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित मैजिक एक शीशम के पेड़ से टकरा गई। तथा बैठी एक महिला एवं कुछ अन्य यात्रियों तथा चालक को भी हल्की चोटें आई।

### बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न

# सभी स्कूलों में चाहरदीवारी का कार्य पूरा कराएं: डीएम



**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान अभी भी 22 विद्यालयों में बाउंड्री वॉल को लेकर विवाद तथा 31 विद्यालयों में विद्युतीकरण कार्य बाकी रहने पर उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत से संपर्क कर यथाशीघ्र समस्त विद्यालयों में चाहर दीवारी एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण का कार्य अभी तक ना पूर्ण होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं को अपनाते हुए ध्वस्तीकरण कार्य पूर्ण करने को कहा। कायाकल्प के तहत नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों में अभी भी 19 पैरामीटर पर 84% कार्य पूर्ण होने पर उन्होंने शीघ्र ही नगरीय क्षेत्र के समस्त विद्यालयों का कायाकल्प के तहत कार्य पूर्ण करने करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में कायाकल्प के 19 पैरामीटर के तहत लगभग 96% विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य किया जा चुका है।

जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण कार्यों की समीक्षा के दौरान कुछ विकास खंडों में निर्धारित अवधि में शत प्रतिशत निरीक्षण कार्य ना पाए जाने पर उन्होंने इसमें सुधार के निर्देश दिए। विकास खंड वार विद्यालयों में अध्यापक उपस्थित, शिक्षण योजना का प्रयोग, शिक्षण सामग्री के प्रयोग आदि की समीक्षा के दौरान फतेहपुर मंडाव विकासखंड में शिक्षण योजना के अनुसार शिक्षण कार्य 75 प्रतिशत ही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर मंडाव को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही एक माह में शिक्षण योजना के अनुसार शिक्षण कार्य शत प्रतिशत नहीं किए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस दौरान संदेहास्पद आंकड़ों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने विकासखंड रानीपुर के समस्त एआरपी के कार्यों की जांच करने तथा गलत आंकड़े पाए जाने पर कड़ी करवाई करने के निर्देश दिए।




## खबरें फटाफट

### पैरा विधिक स्वयंसेवक स्वच्छता जागरुकता का करेंगे प्रचार-प्रसार

**चंदौली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में स्थित तहसील सभागार में जनपद के सभी पैरा विधिक स्वयं सेवकों की बैठक हुई। इसमें सभी पैरा विधिक स्वयं सेवकों को उच्च न्यायालय,जनपद न्यायालय व शासन द्वारा निर्देशित स्वच्छता जागरूकता अभियान के प्रचार प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर जिला न्यायाधीश वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने ने बताया कि जनपद में दो अक्टूबर गांधी जयंती से 08 अक्टूबर तक जिला सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साफ सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य भी संपादित किया जाएगा।कहा कि समस्त विद्यालयों में स्वच्छता से संबंधित प्रभात फेरी एवं स्वच्छता विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है। जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित निर्णायक मंडल द्वारा इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट निबंध एवं चित्रकला प्रविष्टियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### अभियान चलाकर करें विवेचनाओं के निस्तारण का कार्य : एएसपी

**चंदौली।** इलिया थाना परिसर में शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन सुखराम भारती ने शहाबगंज तथा इलिया के विवेचनाधिकारियों संग बैठक की। तथा अर्दली रूम पर पंजीकृत अभियोग में प्रचलित विवेचनाओं की समीक्षा कर गुणवत्ता पूर्ण तरीके से शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के निर्देश पर विवेचनाओं के निस्तारण का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा है ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय व अपराधियों को उनके किए अपराध का दंड मिल सके। जिससे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में भय एवं आम जनमानस में सुरक्षा का भाव व समाज में शांति बनी रहे। साथ ही आगामी त्योहारों में जीवित्पुत्रिका ब्रत, नवरात्रि, दशहरा को सकुशल तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कर जाने हेतु दोनों थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया। कहा कि इन त्योहारों को देखते हुए समय के पूर्व सभी तैयारी पूरी कराई जाय जिससे त्यौहार सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर थानाध्यक्ष हरिश्चंद्र सरोज, शहाबगंज थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों की देखभाल और संचारी रोग की रोकथाम की दी गई जानकारी

**मऊ।** ब्लॉक संसाधन केंद्र रतनपुरा पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का एक परामर्श संगोष्ठी तथा संचारी रोग की रोकथाम को लेकर आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य दिव्यांगाता व उनकी देखभाल, अपने आसपास साफ सफाई रखने की समुचित जानकारी दी गई । खंड शिक्षा अधिकारी श्री कमलेश कुमार मिश्र द्वारा दिव्यांग छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु शिक्षक व माता-पिता की सामूहिक सहभागिता पर विशेष कार्य अपने की अपेक्षा की गई। जिसमें ऐसे छात्र राष्ट्र की मुख्य धारा में शामिल हो अपना योगदान प्रदान कर सके। परिषदीय दिव्यांग विद्यालयों से अध्यनरत दिव्यांग छात्रों का प्रमाण पत्र मेडिकल टीम द्वारा बनाया गया। इसमें ऋषभ त्रिपाठी, विनय सिंह अमित कुमार, गजाला कमर, राजेंद्र चौहान, अमरनाथ गुप्ता, अरविंद श्रीवास्तव एवं डॉ अनिल कुमार (फिजिशियन) आदि शामिल रहे।

# रेल अधिकारियों ने सोनवल जाने वाली नई रेललाइन का किया निरीक्षण



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

शुक्रवार की शाम को आरवीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक एवं ज्वाइंट जनरल मैनेजर आशुतोष शुक्ला गाजीपुर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने मोटो ट्राली से सोनवल से सिटी एवं घाट से सोनवल जाने वाली नई रेल लाइन का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ब्लास्ट, ट्रैक लिंकिंग, विद्युतीकरण, प्वाइंट, ट्रैक की फिटनेस, स्टेशन, प्लेटफार्म, रेल लाइन के बीच पड़ने वाले पुल, पुलिया आदि का निरीक्षण करने के साथ ही कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि परियोजना का गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुछ दिन पहले आरवीएनएल के पीईडी कमल नयन ( प्रिंसिपल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर) भी दौरा कर निर्माण को जल्द पूरा करने का निर्देश दे चुके है। इस अवसर पर आरवीएनएल के इलेक्ट्रिक विभाग के जीएम पीयूष कुमार,असिस्टेंट मैनेजर रितेश कुमार सिंह, जीपीटी के वाइस प्रेसिडेंट अश्वनी कुमार, सर्वेयर अजय राय, आरके सिंह, निगमानंद जेना, गौतम सरकार आदि मौजूद रहे। इस संबंध में आरवीएनएल के मुख्य परियोजना प्रबंधक विकास चंद्रा ने बताया कि दिसम्बर में पीएम के हाथों उद्घाटन को देखते हुए निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इसे समय रहते पूरा कर लिया जाएगा ।

## एसपीआरए ग्रामीण द्वारा इस मामले की जांच अभी भी जारी

# मुंह में पिस्टल डालने के मामले में एक अन्य आरक्षी भी हुआ लाइन हाजिर

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आरएसएस के जिला शारीरिक टोली सदस्य एवं स्थानीय ब्लाक के शारीरिक शिक्षण प्रमुख सूरज मिश्रा के साथ मारपीट एवं मुंह में पिस्टल डालने के मामलें में एक अन्य आरक्षी आशीष कुमार ( मोहर्रिर) को भी लाइन हाजिर कर दिया।घटना के पहले दिन ही दो आरक्षियों को लाइन हाजिर किया जा चुका है। एसपी के इस कड़ी कार्रवाई के चलते महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वैसे एसपीआरए ग्रामीण द्वारा इस मामले की जांच अभी भी जारी है। इसमें कई अन्य पर भी गाज गिरने की पूरी उम्मीद है।

पुलिस कर्मी पूरी तरह से डरें सहमे नजर आ रहे हैं। वह घटना के बाबत कुछ भी बोलने से साफ परहेज कर रहे हैं। उधर पुलिसिया तांडव को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों, स्थानीय सहित हिन्दुवादी संगठनों में पूरी तरह से रोष व्याप्त है ।लोगों ने मांग किया कि इसमें शामिल सभी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। ताकि कोई भी कानून को अपने हाथ में लेने की जुर्रत न कर सके। लोगों ने कहा कि अगर प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मामलें को गंभीरता से लिया होता तो शायद इस तरह का कृत्य पुलिस कर्मी नहीं कर पाते। मालूम हो कि रेवतीपुर गाँव के भीष्मदेव राय पट्टी निवासी एवं आरएसएस के जिला शारीरिक टोली सदस्य एवं खंड के शारीरिक शिक्षण प्रमुख सूरज मिश्रा अपने एक अन्य दोस्त के साथ रामपुर मार्ग पर स्थित भांगड़ पुलिया के समीप भर्ती की तैयारी को लेकर दौड़ रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सादे वेश में दो पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिकर्मियों ने सूरज से अभद्रता करने के साथ ही मारपीट करते हुए उन्हें जबरदस्ती वाहन में बैठाकर थाना लाए, जहां एक कमरे में बंदकर बेल्ट आदि जमकर मारने-पीटने के साथ ही मुंह में पिस्टल डाल जान से मारने की धमकी दी थी। यही नहीं इस आरएसएस पदाधिकारी को थाने में रात भर पुलिस कर्मियों ने बिठाए रखा।

### ट्रेन के आगे कूदकर बुजुर्ग ने दी जान

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के अमारी गांव स्थित संत बुला पीजी कॉलेज के सामने स्थित रेलवे ट्रैक पर सुबह दस बजे लखनऊ से वाराणसी जा रही कृषक एक्सप्रेस ट्रेन के सामने अज्ञात बुजुर्ग ने कूदकर आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मृतक की उम्र 50 साल थी। वह पजामा और कुर्ता पहने हुए था। वह एक प्लास्टिक का थैला लेकर पेड़ के नीचे बैठे था। कृषक एक्सप्रेस दुल्लहपुर रेलवे स्टेशन से जखनियां की ओर जा रही थी। तभी ट्रेन के आगे कूदकर बुजुर्ग ने जान दे दी। मृतक के एक थैली में एक रुद्राक्ष, एक कलाई पर बांधने वाला धागा, रेल नीर बोतल का पानी, दर्जनों चाबियां मिली। देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तत्काल 112 पीआरबी पुलिस को सूचित किया गया।

### छात्र छात्राओं को नारी शक्ति का महत्व बताया

**चंदौली।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद चंदौली के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत शनिवार को रमन पब्लिक स्कूल में चौथे दिन प्रशिक्षण के लिए मिशन शक्ति नारी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवही चौकी प्रभारी सूरज सिंह रहें कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक पन्नालाल पांडेय ने किया।

कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा के बारे में बताया। कहा कि समाज में तमाम प्रकार की कुरीतियां व्याप्त हैं आज जनमानस तमाम प्रकार की गलत तरीकों से नारी प्रताड़ना से ग्रसित है। आज जहां विश्व नारियों को समानता का अधिकार दे रहा है वही कुछ अराजक तत्व नारी सम्मान का मखौल उड़ा रहे हैं। सभी छात्र-छात्राओं को जान लेना जरूरी है कि उनके लिए प्रशासन सदैव तत्पर एवं सहयोग के लिए तैयार है। कहा कि आप 112, 1090 व 1098 इत्यादि महिला हेल्पलाइन के जरिए आप अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं तथा समाज को सुरक्षित रख सकती हैं। उन्होंने बच्चों को एक सफल नागरिक बनाने की प्रेरणा दी।

## दिलदारनगर टीम का फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

मलसा स्थित श्रीशिवपूजन इंटर कालेज के खेल मैदान में 73वां जनपदीय अंडर -14 एवं अंडर -19 ( माध्यमिक) दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन कल देर शाम हो गया। दोनों ही वर्गों के खेले गए फाइनल मुकाबले में मेहमान एसकेबीएम इंटर कालेज दिलदारनगर ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीमों को शिकस्त देकर अपनी बादशाहत कायम रखी। इसके उपरांत मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी राकेश यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंडर- 14 वर्ग के खेले गये मुकाबले में शुरूआत से ही दिलदारनगर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। उनके खिलाड़ियों ने मध्यान्तर से पहले ही उसने बारा इंटरकालेज बारा में लगातार तीन गोल कर टीम को मजबूत स्थिति में खडा कर दिया। मध्यान्तर के बाद स्कोर बरकरार रख मुकाबला जीत लिया। इसी तरह अंडर -19 के खेले गए मुकाबले में भी एसकेबीएम इंटर कालेज दिलदारनगर ने मच्छटी को ट्राइब्रेकर में 8-6 से पराजित कर दोनों ही वर्गो का खिताब अपने नाम कर लिया।

### सर्वोत्तम पुस्तकालय का पुरस्कार प्रेमचंद हिंदी पुस्तकालय डीडीयू को मिला

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में राजभाषा पखवाड़ा-2023 पुरस्कार वितरण समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों एवं वर्ष 2022-23 के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।इसके साथ सर्वोत्तम पुस्तकालय प्रेमचंद हिंदी पुस्तकालय

डीडीयू, सर्वोत्तम पत्रिका कलरव का सोनपुर, सर्वोत्तम समिति स्टेरा कास डेहरी ऑन सोन डीडीयू को प्रथम एवं काराकास सडिमका हरनौत को द्वितीय एवं सामूहिक पुरस्कार के अंतर्गत सुरक्षा विभाग, पूमरे हाजीपुर, सोनपुर मंडल के वाणिज्य शाखा एवं प्लांट डिपो, पूमरे डीडीयू को सामूहिक पुरस्कार प्रदान किया गया। इस समारोह की शुरूआत मुख्यालय कला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति के साथ हुई ।

## संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर व निष्ठा से कार्य करें इंजीनियर्स



**केटी न्यूज/ चंदौली**

उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ जिला इकाई का जनपद स्तरीय द्विवार्षिक अधिवेशन शनिवार को मुख्यालय स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में आयोजित की गई। इसमें संगठन की मजबूती की बाबत चर्चा की गई और पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें इंजीनियर सुचित कुमार सिंह को अध्यक्ष व राजेश कुमार सिंह को सचिव और धर्मेंद्र कुमार जायसवाल को उपाध्यक्ष चुना गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को संगठन की मजबूती के लिए शपथ दिलाई गई।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को संगठन की मजबूती के लिए एक जुट होकर कार्य करने की जरूरत है। जिस साथी को संगठन की मजबूती के लिए जिम्मेदारी मिली है इसका निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें,ताकि संगठन मजबूत हो सके। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पीके राय ने कहा कि जो जिम्मेदारी संगठन की पदाधिकारी को दी गई है और उसे आगे बढ़ाएं। सभी पदाधिकारी का दायित्व बनता है कि संगठन कार्य के लिए जो भी दिशा निर्देश प्रदेश स्तर से आए उसका पालन करें। नवनियुक्त पदाधिकारी ने सभी को विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी मुझे मिली है। उस जिम्मेदारी का पालन निष्ठा के साथ करूंगा।

## एक नजर

### छात्राओं ने नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक




**चंदौली।** स्थानीय जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज में शनिवार को नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय से जन जागरूकता रैली निकली और पूरे नगर का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। रैली को सम्बोधित करते हुवे जिला संगठन आयुक्त गाइड और विद्यालय की खेल प्रवक्ता अंजू ने छात्राओ को नशे से दूर रहने सलाह दी। साथ ही नशे के सामाजिक, मानसिक, एवं चारित्रिक दुष्प्रभाव के बारे में बताया। कहा कि नशा मनुष्य कि मनुष्यता को समाप्त कर देता हैं। रैली को वरिष्ठ प्रवक्ता उर्मिला चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देसी गाय खरीदने पर सरकार पशुपालक को देगी प्रोत्साहन राशि : एसएन श्रीवास्तव



**चंदौली।** मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए बैठक की गई। इसमें प्रदेश सरकार की पशुपालकों को देसी गाय खरीदने पर अनुदान की चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं प्रारंभिक दुग्ध सहकारी समिति का गठन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गायों को पालने के लिए और पशुपालकों को प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करने हेतु प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना शुरू किया है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वदेशी नस्ल की गाय पालने पर किसानों एवं पशुपालकों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह प्रोत्साहन राशि पशुपालकों को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों पर सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यह सरकार की सफल योजना साबित होगी।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के दोनों वर्गों में चैंपियन बना गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा



**अलीनगर (चंदौली)।** क्षेत्र के गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा के तत्वावधान में 25 वीं जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो वर्गों में खेली गई प्रतियोगिता में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज ने खिताबी जीत प्राप्त किया। जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा अंडर-19 और अंडर - 14 दोनों वर्गों में विजेता रहा । अंडर-19 (बालक) में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा ने बाबा कीनाराम इंटर कॉलेज रामगढ़ को हराया । अंडर -14 (बालक) में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा ने सनबीम स्कूल मुगलसराय को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर- 14 में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा और सनबीम स्कूल मुगलसराय की टीमों ने प्रतिभाग किया जबकि अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता में गांधी राष्ट्रीय इंटर कॉलेज सदलपुरा, बाबा कीनाराम इंटर कॉलेज रामगढ़, नगर पालिका इंटर कॉलेज मुगलसराय ,सरस्वती इंटर कॉलेज टांडा और सनबीम स्कूल मुगलसराय की टीमों ने प्रतिभाग किया। विजेता और उपविजेता टीमों को प्रधानाचार्य राजकुमार व हिंदी प्रवक्ता मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। 25 वीं जनपदीय फुटबॉल प्रतियोगिता को संपन्न कराने में राकेश कुमार सिंह प्रवक्ता अमर शहीद विद्या मंदिर शहीदगांव , महेंद्र कुमार खेल अध्यापक जायसवाल इंटर कॉलेज मुगलसराय, अरुण कुमार खेल अध्यापक नगर पालिका इंटर कॉलेज मुगलसराय और सभी टीमों के कोच मैनेजर ने महत्वपूर्ण सहयोगात्मक भूमिका निभाई ।

## जिला मुख्यालय निर्माण को लेकर आंदोलन 78वें दिन जारी

# अधिवक्ताओं ने सांसद व विधायक का पुतला फूंका

**केटी न्यूज/ चंदौली**



जिला एवं न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति की ओर से जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन अनवरत 78वें दिन शनिवार को जारी रहा। इस दौरान सर्वप्रथम अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद सदर कचहरी परिसर का चक्रमण किया।वहीं जिले के जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसके साथ ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप नाराज अधिवक्ताओं ने जिले सांसद व केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डा.महेंद्रनाथ पांडेय, सैयदराजा विधायक सुशील सिंह व मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल का पुतला फूंका। साथ ही विरोध में जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने आरोप लगाया कि आज इन नेताओं की नाकामी व शिथिलता के कारण चंदौली के अधिवक्ताओं को पदयात्रा निकालकर चंदौली की आवाज को दिल्ली ले जाने का काम करना पड़ रहा है। ऐसे उदासीन व नाकाम नेताओं को नैतिकता के आधार पर अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। फिरोज खान ने कहा कि चंदौली के अधिवक्ताओं में ही नहीं, बल्कि आमजनता में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लेकर जबरदस्त गुस्सा है। जनप्रतिनिधियों की नाकामी के कारण आज जनपद का विकास नहीं हो पाया और चंदौली का नाम आकांक्षी जिले के सूची में शामिल हो गया। बावजूद इसके सत्ता पक्ष के नेताओं को मंच से बोलते हुए शर्म नहीं आती है। कहा कि विकास को सुनिश्चित करना राजनेताओं व जनप्रतिनिधियों का है, लेकिन आज चंदौली के विकास के लिए अधिवक्ता पैदल चलने का काम कर रहे हैं। बावजूद इसके इनकी उदासीनता दूर होने का नाम नहीं ले रही है। सत्येंद्र कुमार बिंद ने कहा कि पदयात्रा कन्नौज जनपद के छिबरामऊ पहुंची, जहां स्थानीय अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा ने चंदौली को उसका हक दिलाने के लिए चंदौली के समर्थन में मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर अवगत कराने की बात कही। कहा कि चंदौली के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ाई में चंदौली के अधिवक्ताओं का साथ देने की भी बात कही।

## 3 से 31 अक्टूबर तक जनपद के इलाकों में चलाया जाएगा संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान

**केटी न्यूज/ मऊ**



मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक कलेक्टरेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीके यादव ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग, नगर विकास, ग्राम्य विकास, कार्यक्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन सहित अन्य विभागों का सहयोग किया जाना है।

उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए द्वितीय बैठक की जा रही है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा ग्रामों में नालियों की साफ सफाई जल भराव का निस्तारण, ग्राम वासियों के सहयोग से श्रमदान द्वारा झाड़ियां की कटाई उथले हैंडपंप को लाल रंग से चिन्हीकरण इंडिया मार्का टू हैंड पंप प्लेटफार्म की मरम्मत, ग्रामों में लावीसाईडल स्प्रे गतिविधि, मनरेगा फंड से फागिंग, ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी के बीच वाले तालाबों को अपशिष्ट तथा प्रदूषण मुक्त करना, ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग द्वारा एईएस एवं अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु माइकिंग के माध्यम से जागरूक किया जाना, ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम निगरानी समितियां के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य विक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूक किया जाना, कार्यक्रम विभाग द्वारा कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार हेतु जागरूक करना, आशा एवं ए एन एम कार्यकत्रियों के सहयोग से अपने क्षेत्र में जन जागरण किया जाना, कृषि विभाग द्वारा आवश्यक क्षेत्र के आसपास छछूंदर, जानवरों के पालन स्थल को स्वच्छ रखने हेतु जागरूक करना आदि शामिल है।